# 808-N

## डिप्लोमा इन एलीमेन्ट्री एज्युकेशन (डी.एल.एड.)

## (प्रथम अवसर) परीक्षा – 2021

## प्रथम वर्ष (नवीन)

*मातृभाषा क्षेत्रीय भाषा शिक्षण (Pedagogy of Mother Tongue / Regional Language)*

## (क) हिन्दी भाषा शिक्षण

## Hindi Language Teaching

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

(i) वक्ता और श्रोता के सम्मिलित व्यवहार को वाक् की संज्ञा दी है ।

(अ) स्किनर ने

(ब) ट्रेगर ने

(स) रामचन्द्र वर्मा ने

(द) ब्लूम फील्ड ने

(ii) बोलने के कौशल के विकास की किस गतिविधि में बालक किसी समस्या या विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हैं ?

(अ) चित्रमाला

(ब) कहानी कथन ।

(स) विचार गोष्ठी

(द) अन्त्याक्षरी

(iii) मौन वाचन कहलाता है ।।

https://www.mpboardonline.com/

(अ) जल्दी जल्दी पढ़ना

(ब) गाकर पढ़ना

(स) मन में पढ़ना

(द) उच्च स्वर में पढ़ना

(iv) प्राथमिक कक्षाओं में गद्य शिक्षण का उद्देश्य होता है -

(अ) भावानुरूप अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास

(ब) उच्चारित भाषा को समझने की योग्यता का विकास

(स) साहित्यिक भाषा को समझने, बोलने तथा लिखने की क्षमता का विकास

(द) छात्रों को सूक्ष्म अध्ययन के लिये प्रेरित करना

(v) मौखिक अभिव्यक्ति के आकलन के लिये प्रभावी तरीका है ।

(अ) नामों की पहचान

(ब) चित्र पढ़ना

(स) अ एवं ब दोनों

(द) दोनों में से कोई नहीं

2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) भाषा की सार्थक इकाई होती है । (शब्द, बर्ण)

(ii) कलात्मक रीति से सजी हुई भाषा, जिसमें भावों की अभिव्यंजना ही कविता कहलाती है । - कविता की यह परिभाषा ____ की है । (श्याम सुन्दर दास / रामचन्द्र शुक्ल)

(iii) जिस वाचन को अध्यापक द्वारा किया जाता है, वह __________ कहलाता है। (सरवर वाचन / आदर्श वाचन)

(iv) भाषा शिक्षण में दैनिक पाठ योजना को ____________ नाम से जाना जाता है । (इकाई योजना / कालखण्डवार योजना)

(v) व्याकरण शिक्षण की ______________ प्रणाली में छात्रों को पहले नियम बता दिये जाते हैं । (आगमन / निगमन)

3. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।

(i) भारतीय संविधान की कौनसी अनुसूची भारत में प्रचलित विभिन्न भाषाओं से संबंधित है ?

(ii) बोलने के कौशल का क्या आशय है ?

(iii) श्रव्य काव्य के कितने भेद होते है ।

(iv) अच्छे मूल्यांकन की प्रमुख विशेषताएँ क्या है ?

(v) आकलन का क्या अर्थ है ?

4. भाषा का अर्थ लिखिये।

5. कविता में निहित सौन्दर्य के प्रकार लिखिए ।

6. भाषा के आधारभूत कौशल कौनसे हैं?

7. गद्य क्या है?

8 व्याकरण के प्रमुख विभागों के नाम लिखिए ।

9. परीक्षा क्या है?

10. वर्ण क्या है? समझाइये ।

अथवा

वर्णमाला क्या है ? समझाइये ।

11. सुनने के कौशल विकास संबंधी एक गतिविधि लिखिये ।

अथवा

बोलने के कौशल विकास संबंधी एक गतिविधि लिखिये ।

12. सस्वर वाचन के तीन गुण लिखिये ।

अथवा

सस्वर वाचन के तीन उद्देश्य लिखिये ।

13. इकाई योजना की कोई तीन विशेषतायें लिखिये ।

अथवा

वार्षिक योजना निर्माण के चरण लिखिये ।

14. कविता-पाठ शिक्षण के सोपान लिखिये ।

अथवा

वार्तालाप के आयोजन में रखी जाने वाली कोई 4 सावधानियाँ लिखिये ।

15. व्यंजन गुच्छ क्या है?

अथवा

तत्सम् एवं तद्भव शब्द क्या हैं ? उदाहरण सहित लिखिये ।

16. लेखन कौशल के विकास में सुलेख, अनुलेख और श्रुतलेख की क्या भूमिका है?

अथवा

लेखन कौशल के विकास की कौन-कौनसी विधियाँ हैं ? किन्हीं तीन का वर्णन कीजिये ।

17. प्राथमिक कक्षाओं में गद्य शिक्षण के 5 उद्देश्य लिखिये ।

अथवा

गद्यकाव्य और पद्यकाव्य में कोई 4 अंतर लिखिये ।

18. व्याकरण शिक्षण के लिये कोई 4 खेल गतिविधियाँ बताइये ।

अथवा

आगमन प्रणाली के विभिन्न सोपानों का वर्णन कीजिये ।

19. हिंदी भाषा शिक्षण में मूल्यांकन की कौन-कौनसी विधियाँ हैं? किन्हीं 4 का वर्णन कीजिये ।

अथवा

रचनात्मक मूल्यांकन की विशेषताओं का वर्णन कीजिये ।